Certificate in Language Examination, 2019
Hindi
Paper : I

Time : 3 Hours **Full Marks : 80**

Questions are of value as indicated in the margin

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए —
   क) किन्हीं **चार** के संधि-विच्छेद कीजिए— 1×4=4
   गायक, सरोवर, पवन, धर्मात्मा, महेन्द्र, एकांकी, गजेन्द्र, अत्यधिक।
   अथवा
   किन्हीं **चार** की संधि कीजिए —
   धर्म + आत्मा, रमा + ईश, जगत् + ईश, यदि + अपि, परम + ईश्वर, दिक् + पाल, पो + इत्र, दुः+गंध,
   ख) द्वन्द्व समास को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 1×4=4
   अथवा
   किन्हीं **चार** का समास-विग्रह करते हुए समासों के नाम लिखिए।
   विद्यालय, माता-पिता, गाय-बैल, रसोईधर, पंचवटी, पिताम्बर, गृहागत।
   ग) कर्त्ता कारक को सोदाहरण परिभाषित कीजिए। 1×4=4
   अथवा
   करण कारक एवं अपादान कारक में सोदारण अन्तर स्पष्ट कीजिए।
   घ) किन्हीं **चार** वाक्यों को शुद्ध कीजिए— 4
   (i) लड़का पढ़ती है। (ii) राम और सीता आती है। (iii) उनका होश उड़ गया।
   (iv) आप कहाँ जाता है। (v) आपका भवदीय। (vi) दूध मीठी है।
   (vii)उन्होंने मुझे केवल मात्र पाँच रुपये दिये। (viii)सड़क में भीड़ जुट गयी।
2. क) किन्हीं पाँच मुहावरों-लोकोक्तियों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए— 2×5=10
   (i) ईद का चाँद होना (ii) गाल बजाना (iii) नौ दो ग्यारह होना (iv) श्री गणेश करना
   (v) पीठ दिखाना (vi) आँसु पोछना (vii)पौ-बारह होना (viii) किताब का कीड़ा होना।
   ख) उचित स्थान पर विराम चिह्न लागाइए— 6
   गरीबी का एक रूप ज्ञान की गरीबी है जो सूचनाओं की अति-प्रचुरता का नतीजा है आदमी जब देखता है कि एक खरीदने पर एक फ्री है वह ऐसी चीजें भी खरीद लेता है जिनकी उसे जरूरत नहीं है सभी जानते हैं कि दुनिया में कुछ भी मुफ्त नहीं है।
3. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए— 16
   क) शान्तिनिकेतन का आनंद मेला ख) अपना प्रिय कवि ग) महात्मा गाँधी घ) बेरोजगारी

P.T.O.

4. (क) निम्नलिखित पद्यांश का सारांश लिखिए एवं अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 8

खड़ा हिमालय बता रहा है
डरो न आँधी पानी में
<u>खड़े रहो तुम अविचल रहकर</u>
हर संकट तूफानी में

(i) खड़ा हिमालय क्या बता रहा है? (ii) रेखांकित पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(iii) किस तरह खड़ा रहना है?

ख) निम्नलिखित गद्यांश का सारांश लिखकर अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8

भीड़ और समाज में क्या फर्क है? भीड़ से किसी भी आदमी के भीतर वैयक्तिकता नही होती। वैयक्तिकता सिर्फ समाज के लोगों में संभव है। अच्छे लोगों की भीड़ नहीं होती, समाज होता है। एक तरफ से बाजारवाद और दूसरी तरफ से भीड़वादी कट्टरताओं ने मनुष्य के भीतर से 'व्यक्ति' को निकाल बाहर किया है।

(i) भीड़ और समाज में क्या फर्क है?

(ii) 'वैयक्तिकता' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(iii) मनुष्य के भीतर से 'व्यक्ति' को प्रभावित करनेवाले कारक कौन-कौन हैं?

5. निम्नलिखित अंग्रेजी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए— 16

Ram was the eldest son of king Dhasharath. Ram married Sita. Ram's three brothers w ere Bharat, Laxman and Shatrughna. The name of Ram's mother was Kaushalya. Bharat's mother was Kaikeyi. Ram was sent to exile for fourteen years. Sita accompanied him. Ravana stole sita in disguise. Ram killed Ravana in a great war field of Srilanka.